राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
चौथा तल, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर–302006
फोन न0 : 0141–2740841,फैक्स न0 : 0141–2740676,
वेबसाईटः www.rajexcise.gov.inई–मेल : purchasersgsm@gmail.com


# ई–निविदा आमंत्रण सूचना

मदिरालयों पर
मदिरा परिवहन कार्य हेतु दर संविदा

वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिये

द्वि–भाग निविदा

भाग– प्रथम

तकनीकी निविदा

निविदा कमांक–आरएसजीएसएम/मुख्या./मदिरा परिवहन/खुली निविदा/2017–18/128 दिनांक 15.09.2017

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनांक व समय | : | दिनांक 16.10.2017 को सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | : | दिनांक 16.10.2017 को सायं 6.00 बजे तक |
| तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय व स्थान | : | दिनांक 17.10.2017को सांय 4.30 बजे मुख्यालय, आरएसजीएसएम, जयपुर |
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | : | वित्तीय निविदा खोलने की सूचना ई–प्रोक द्वारा स्वतः मैसेज के माध्यम से दी जावेगी |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | : | रूपये 1000 मात्र + जी.एस.टी 18% |
| निविदा प्रोसेसिंग मूल्य | : | रूपये 1000 मात्र |

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड
## चौथा तल, नेहरू सहकार भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर–302006
## फोन न0 : 0141–2740841,फैक्स न0 : 0141–2740676

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक–आरएसजीएसएम / मुख्यालय / मदिरा परिवहन / खुली निविदा / 2017–18 / 128

1. वित्तीय वर्ष 2017–18 में राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड के अधीन विभिन्नमदिरालयों पर मदिरा परिवहन हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता व्यक्ति / फर्म / कंपनी से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण इस प्रकार है–

| कार्य | अनुमानित व्यय | निविदा प्रपत्र शुल्क / प्रोसेगिस फीस | बोली प्रतिभूति राशि | बोली की वैधता अवधि | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 मदिरालयों पर मदिरा परिवहन कार्य के लिये निविदा | रू. 8.00 लाख से 16.00 लाख तक प्रति मदिरालय | रू. 1000+ GST 18% मात्र रू. 1000 मात्र | अनुमानित व्यय का 2 प्रतिशत (मदिरालय वार विवरण एनेक्सर एफ पर देखें) | 90 दिवस | दिनांक 16.10.2017 सायंकाल 6.00 बजे तक | दिनांक 17.10.2017 को सांय 4.30 बजे मुख्यालय, आरएसजीएसएम, जयपुर |

2. निविदा विभिन्न मदिरालयों के लिये इकजाई आमंत्रित की गई है। निविदा में दर संबंधित मदिरालय के लिये देनी होंगी। कोई भी निविदादाता एक या एक से अधिक या सभी मदिरालयों के लिये दर प्रस्तुत ( quote ) कर सकता है। किसी मदिरालय से आपातकालीन परिस्थितियों में संबंधित डिपोज के अलावा अन्य स्थान पर भी मदिरा परिवहन किया जाना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति के लिये परिवहन हेतु प्रति किलोमीटर दर मूल्य निविदा में अलग से अंकित करनी है। मदिरालय से संबंधित सभी डिपो के लिये दरें एकमुश्त देनी होगी।
3. यदि निविदादाता किसी एक मदिरालय के लिये ही इच्छुक है तो बोली प्रतिभूति राशि एक मदिरालय के लिये ही देनी होगी। व सफल निविदादाता घोषित होने पर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि एक मदिरालय के लिये ही देनी होगी। यदि निविदादाता एक से अधिक मदिरालयों या सभी मदिरालयों के लिये इच्छुक है तो उसी अनुसार बोली प्रतिभूति राशि व कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि तदनुसार देनी होगी।
4. मदिरालय से जुड़े हुये डिपोज के लिये एकमुश्त तथा अन्य स्थानों के लिये प्रति किलोमीटर में दर देनी है।
5. राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड में कार्यरत कार्मिक द्वारा निविदा में भाग लिया जाना पूर्णतः निषिद्ध है। संस्थान में वर्तमान में सेवारत कार्मिक के परिवार के सदस्यों द्वारा भी निविदा में भाग लिया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परिवार की श्रेणी में दादा, दादी, माता, पिता, पत्नी, पुत्र ,पुत्री (दत्तक पुत्र ,पुत्री सहित), पुत्रवधु, पौत्र, पौत्री, बहन, भाई शामिल होंगे। यदि संस्थान में कार्यरत कार्मिक के किसी रिश्तेदार (उपरोक्तानुसार वर्णित परिवार के सदस्यों के अलावा) द्वारा निविदा में भाग लिया जाता है तो उसे लिखित में कार्मिक के साथ रिश्ते का घोषणा पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
6. निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.rajexcise.gov.in or www.sppp.raj.nic.inपर देखा जा सकता है एवं वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य **रू. 1000+** GST 18%**मात्र** एवं **बोली प्रतिभूति राशि** जिसे **RSGSM Ltd. payable at Jaipur**के पक्ष में जारी **डी.डी. / बैंकर्स चैक** द्वारा 16.10.2017 को सायंकाल 6.00 बजे तक कंपनी मुख्यालय की क्रय शाखा में अनिवार्यतः जमा कराना होगा। अन्यथा बिड स्वीकार योग्य नहीं होगी। साथ ही प्रोसेस फीस की राशि रू. **1000 / –**, **MD, RISL, payable at Jaipur** के पक्ष में जारी **डी.डी. / बैंकर्स चैक** द्वारा दिनांक 16.10.2017 को सायंकाल 6.00 बजे तक कंपनी मुख्यालय की क्रय शाखा में अनिवार्यतः जमा कराना होगा।



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

8. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद कोई भी बिड स्वीकार नहीं जावेगी।
9. निर्धारित तिथि एवं समय अपलोड की गई निविदाओं को मुख्यालय की उपापन समिति (क्रय समिति) द्वारा निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला(डाउनलोड) जावेगा।
10. तकनिकी निविदा के साथ माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग का पंजीकरण/आयकर विभाग से पैन नंबर आदि की सत्यापित प्रतियां कंपनी मुख्यालय में निविदादाता को प्रस्तुत करनी होगी। इनके अभाव में निविदा को अस्वीकार कर दिया जावेगा।
11. निविदादाता की तकनिकी निविदा में सफल होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी, तथा वित्तीय निविदा खोलने की सूचना ई–प्रोक द्वारा स्वतः मैसेज के माध्यम से निविदादाता को प्राप्त हो जावेगी।
12. संबंधित सफल निविदादाता को 15 दिवस के भीतर–2 अनुबंध करना होगा, व कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि अनुबन्ध के समय जमा करानी होगी।
13. संस्थान न्यूनतम दर को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं होगी। साथ ही बिना कारण बताये निविदा को निरस्त किया जा सकेगा।
14. कार्यादेश, अनुबंध आदि के संबंध में अगर कोई भी विवाद होता है, तो संबंधित फर्म के द्वारा प्रभारी संचालक महोदय को एकल पंच नियुक्ति करने का अनुरोध किया जा सकता है। एकल पंच द्वारा लिया गया निर्णय दोनों पार्टियों को स्वीकार योग्य होगा, तथा एकल पंच पर किये गये समस्त व्यय दोनों पार्टियों द्वारा समान रूप से वहन किया जावेगा।
15. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार जयपुर स्थित न्यायालय होंगे।
16. ***कम्पनी मुख्यालय में ऑफलाईन केवल निविदा शुल्क, निविदा प्रासेसिंग शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि के डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक एवं शपथ पत्र ही प्रस्तुत किये जावें। अन्य कोई भी दस्तावेज ऑफलाईन स्वीकार नहीं किये जावेगें। साथ ही निविदादाता यह भी सुनिश्चित करें कि निविदा संबंधी एवं चैक–लिस्ट अनुसार सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रति एवं निविदा प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर हस्ताक्षरित एवं मोहरबंद कर ऑनलाईन वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in पर आवश्यक रूप से अपलोड करें। ऐसा करने में असफल पाये जाने पर निविदादाता को अयोग्य घोषित किया जा सकेगा।***



निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर

| राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड | |
|---|---|
| परिचय | |
| निविदा क्रमांक | आरएसजीएसएम/मुख्यालय/मदिरा परिवहन/खुली निविदा/2017–18/128 |
| उपापन संस्थान | राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड |
| उपापनीय सेवा का विवरण | मदिरालयों पर मदिरा परिवहन कार्य |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 1000 + GST@18% का RSGSM Ltd. (Payable at Jaipur) के पक्ष में जारी चैक/डीडी व्यक्तिशः या डाक द्वारा कंपनी मुख्यालय की क्रय शाखा में निर्धारित तिथि व समय पूर्व/तक पहुंचाना अनिवार्य है। |
| निविदा प्रोसेसिंग का मूल्य | रू. 1000 का MD, RISL (Payable at Jaipur) के पक्ष में जारी बैंकर्स चैक/डीडी व्यक्तिशः या डाक द्वारा कंपनी मुख्यालय की क्रय शाखा में निर्धारित तिथि व समय पूर्व/तक पहुंचाना अनिवार्य है। |
| निविदा जिसको प्रस्तुत करनी है, अथवा कोई स्पष्टिकरण वाछिंत है | उप महाप्रबंधक (क्रय) ,<br>राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड,<br>चतुर्थ तल, नेहरू सहकार भवन, जयपुर।<br>फोन न0 : 0141–2740841, फैक्स : 0141–2740676<br>ई–मेल : purchasersgsm@gmail.com |
| प्री बिड बैठक | हाँ , 25.09.2017 प्रातः 11.00 बजे |
| बिड की भाषा | हिन्दी व अंग्रेजी |
| निविदादाता को बिड के साथ संलग्न करना है– | निविदा की शर्तों एवं चैक लिस्ट में उल्लेखानुसार |
| दरों की वैधता अवधि | तकनीकी निविदा प्रस्तुत करने की तिथि से 90 दिवस |
| बोली प्रतिभूति राशि | एनेक्सर 'एफ' में वर्णितानुसार |
| अधिकृत करना | निविदादता के लैटर हैड पर पॉवर ऑफ अटॅार्नी या अधिकृति पत्र |
| निविदा प्रपत्र को डाउनलोड करना | rajexcise.gov.in or sppp.raj.nic.inपर देखा जा सकता है एवं वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| निविदा डाउनलोड व अपलोड करने का अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 16.10.2017 को सायंकाल 6.00 बजे तक वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in |
| तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | दिनांक 17.10.2017 सांय 4.30 बजे eproc.rajasthan.gov.in द्वारा मुख्यालय, आरएसजीएसएम, जयपुर। |
| वित्तीय निविदा डाउनलोड करने की दिनांक व समय | ई–प्रोक द्वारा स्वतः मैसेज प्रणाली के माध्यम से दी जावेगी |
| अवधि जिसमें जमानत राशि जमा कराकर अनुबंध का निष्पादन किया जाना है | कार्यादेश जारी करने के 15 दिवस में करना होगा, अन्यथा बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी। |
| प्रथम अपील प्राधिकारी का पदनाम व पता | संचालक मंडल, राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल लि0 |
| द्वितीय अपील प्राधिकारी का नाम व पता | अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, जयपुर |



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

मैं/हम ....................................................................................(व्यक्ति/फर्म/कंपनी आदि) बहैसियत . ......................................................................................(पदनाम/प्रास्थिति) द्वारा समस्त बिड दस्तावेज का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं इसके समस्त प्रावधानों व शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं तथा स्वीकारोक्ति स्वरूप सभी पृष्ठों पर आद्याक्षर कर दिये गये हैं। मेरी/हमारी जानकारी निम्नानुसार है–

व्यक्ति/फर्म/कंपनी का नाम ——————————————————

——————————————————

——————————————————

कार्यालय पता ——————————————————

——————————————————

——————————————————

फैक्ट्री का पता ——————————————————

——————————————————

——————————————————

दूरभाष संख्या कार्यालय ......................................................

निवास ......................................................

फैक्ट्री ......................................................

फैक्स ......................................................

ई–मेल ......................................................

मोबाईल ......................................................

वैधानिक विवरणः–

माल एवं सेवाकर पंजीयन संख्या (GSTIN)——————————————————

पैन नंबर ——————————————————



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

सेवा कर जमा की विवरणी का संदर्भ ————————————————————

बोली प्रतिभूति राशि मय मदिरालय का विवरण

डिमान्ड ड्राफ्ट / बैंकर चैक संख्या एवं दिनांक ————————————————————

डिमान्ड ड्राफ्ट / बैंकर चैक राशि ————————————————————

निविदादाता का बैंक का नाम ————————————————————

बैंक खाता संख्या ————————————————————

बैंक आरटीजीएस न0 ————————————————————

हस्ताक्षर ————————————————————

नाम व पदनाम हस्ताक्षरकर्त्ता ————————————————————

***नोट : उक्त सभी प्रविष्टियां पूर्ण व अनिवार्य रूप से भरें।***



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# Rajasthan State Ganganagar Sugar Mills Limited

**4th Floor, Nehru Sahkar Bhawan,Bhawani Singh Road, Jaipur – 302 006 (Rajasthan)**

निविदादाता द्वारा निम्नलिखित राशि आरएसजीएसएम कार्यालय, नेहरू सहकार भवन में नियमानुसार जमा करानी होगीः–

| क्र. सं. | शुल्क विवरण | शुल्क | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क | 1000+ GST 18% | डिमाण्ड ड्राफ्ट | RSGSM, Ltd.Jaipur |
| 2 | अमानत राशि* | 2%अनुमानित मूल्य का | डिमाण्ड ड्राफ्ट | RSGSM, Ltd.Jaipur |
| 3 | ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया शुल्क | 1000 /- | डिमाण्ड ड्राफ्ट | Managing Director, RISL, Jaipur |

*10.00 लाख से अधिक होने की स्थिति में रूपये 10.00 लाख से अधिक धनराशि ड्राफ्ट/बैंक गारन्टी द्वारा उपरोक्त राशि निविदादाता द्वारा आरएसजीएसएम, मुख्यालय, जयपुर में दिनांक **16.10.2017** को **सांय 6.00** बजे तक जमा कराना आवश्यक है।

2. निविदा में सभी संशोधन निविदा जारी करने के उपरान्त eproc.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर ही जारी किये जावेंगे। निविदादाताओं द्वारा वेब (ई–मेल) पर संशोधनों/स्पष्टीकरण को प्राप्त नहीं करने के संबंध में किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

3. ई–टेन्डरिंग के लिये निविदा दाता हेतु निर्देश

अ. निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट वेब साइट eproc.rajasthan.gov.inपर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट (DSC, Type-II), इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट– 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदा दाता उपरोक्त डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट, सी. सी. ए. (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदा दाताओं के पास E-Procurement Portal के लिए पूर्व में वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं हैं।

ब. निविदा दाताओं को निविदा प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

स. इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी हैं।

द. कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में जमा कराने में किसी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आरएसजीएसएम की नहीं होगी।

य. टेण्डर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

र. ऑन लाईन निविदा भरते समय संबंधित निर्देशों का पालन नहीं करने के परिणामस्वरूप निविदा प्रक्रिया में उत्पन्न किसी भी प्रकार की बाधा के लिए आरएसजीएसएम की जिम्मेदारी नहीं होगी।

ल. यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी स्थिति में भौतिक रूप में निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। इच्छुक निविदादाता के लिये ई–निविदा प्रक्रिया अपनाना अनिवार्य है।



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

## वित्तीय वर्ष 2017—18 में विभिन्न मदिरालयों पर मदिरा परिवहन कार्य हेतु निविदा के संबंध में विशेष शर्तें

***टिप्पणी—लोक उपापन के संबंध में ''राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012'' एवं ''राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013'' प्रभावशील हैं एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:/sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। अतः समस्त बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे बोली प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व इन नियमों से भलीभांति परिचित हो लेवे। यदि लोक उपापन अधिनियम , नियम तथा इस बोली दस्तावेज के किन्हीं प्रावधानों के बीच असाम्यता हो तो अधिनियम , नियम में उल्लेखित प्रावधान तथा आशय ही मान्य/प्रभावी रहेगा।***

1. यह निविदा वित्तीय वर्ष 2017—18 के लिये मदिरालयों पर समस्त मदिरालयों पर मदिरा परिवहन हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता व्यक्ति/फर्म/कंपनी से ई—निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
2. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न अनुसूची ''एफ'' अनुसार बिड सिक्योरिटी की राशि बैंक ड्राफ्ट जो राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि. के नाम देय हो जमा कराना होगा। सफल निविदादाता को कार्य करने से पूर्व अनुबंध निष्पादन के तहत अनुमानित राशि की 5 प्रतिशत राशि जमानत राशि के रूप में जमा करानी होगी। जमानत राशि में निविदा के साथ जमा करायी गयी बिड सिक्योरिटी की राशि को समायोजित किया जा सकेगा तथा शेष राशि और जमा करानी होगी। उक्त समस्त राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित हो जाने के 60 दिवस पश्चात लौटायी जायेगी।
3. कुल निविदा मात्रा अनुसार रूपये 369.47 लाख धनराशि का आकलन किया गया है। उक्त आधार पर ऑफर मात्रा मूल्य की 2 प्रतिशत अमानत राशि के आधार पर सम्पूर्ण निविदा मात्रा पर अमानत राशि रूपये 7.39 लाख बनती है। निविदादाता द्वारा ऑफर मात्रा के मुल्य की 2 प्रतिशत अथवा निविदा शर्तो में वर्णित अनुसार अमानत राशि (Bid Security) जमा कराई जानी है। स्पष्ट किया जाता है कि निविदादाता द्वारा निविदा की अमानत राशि (Bid Security) जमा कराई जावें। उक्तानुसार जमा अमानत राशि के आधार पर निविदा के ऑन—लाईन स्वीकार नही होने की स्थिति में अमानत राशि के कॉलम में रूपये 7.39 लाखवर्णित करें तथा उक्तानुसार गणना करते हुये निविदा शर्तो में वर्णित अनुसार वास्तविक अमानत राशि का डी.डी./ बैंक गारन्टी की स्केन प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें।
4. प्रभारी मदिरालय (संबंधित). द्वारा जितनी संख्या में प्रतिदिन, मदिरा की सप्लाई के लिए ट्रक मांगे जावे, की व्यवस्था निरन्तर की जानी होगी। अत्यावश्यक होने पर मांग के तीन घंटे के अंदर भी वाहनों की व्यवस्था करनी होगी। प्रतिदिन प्रातः मदिरालय खुलने पर अनुबंधदाता स्वयं/ प्रतिनिधि को मदिरालय में जाकर ट्रकों की मांग नोट कर डिमान्ड रजिस्टर में हस्ताक्षर करने होंगे।
5. यदि सफल निविदादाता द्वारा समय पर ट्रक उपलब्ध नहीं करवाये जायेंगे तो कम्पनी खुले बाजार से सफल निविदादाता की रिस्क एण्ड कोस्ट पर ट्रक किराये पर लेगी व किराये में जो भी अन्तर होगा एवं अन्य हानि की राशि की वसूली सफल निविदादाता से उसको देय राशि अथवा जमानत राशि में से की जायेगी।
6. सफल निविदादाता को ट्रक हॉल्टेज का कोई चार्जेज देय नहीं होगा।
7. दरें मदिरालय से उसके अधीन विभिन्न डिपोज तक के लिये देनी है। दरें केवल 9टन क्षमता (625 पेटी हेतु) के वाहन द्वारा परिवहन हेतु देनी है। दरें एकतरफा दूरी के मद्देनजर दी जावे तथा अंकित दरों में काट छॉट नहीं की जावे।
8. मदिरा को ले जाने हेतुप्रयुक्त केवल 9टन क्षमता वाले वाहन मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत वैध एवं अधिकृत रूप से संचालित होने चाहिये।
9. सफल निविदादाता के द्वारा प्रस्तुत परिवहन बिलों से नियमानुसार केन्द्रीय व राजकीय करों की वैधानिक (जैसे आयकर, जी.एस.टी आदि यदि लागू हो तो ) कटौती बिलों से करके ही भुगतान किया जावेगा तथा कोई राशि वसूली योग्य रह जाती है तो उसे जमा कराने का दायित्व सफल निविदादाता का होगा।



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

10. मदिरा पर कोई चुंगी/टोल टैक्स लगता है तो बाउचर प्रस्तुत करने पर अलग से एकतरफ का भुगतान देय होगा।

11. रास्ते में गाडी खराब होने पर दूसरी गाडी व श्रमिको की व्यवस्था कर मदिरा को गन्तव्य स्थान पर सुरक्षित भिजवाने की व्यवस्था सफल निविदादाता को करनी होगी।

12. परिवहन किराये का भुगतान गोदाम प्रभारी के प्रमाणीकरण के आधार पर प्रभारी मदिरालय द्वारा मासिक आधार पर चैक द्वारा किया जावेगा।

13. मदिरा से भरी गाडियों को मदिरालय से रवाना होने पर अपने गन्तव्य स्थान पर सीधा पहुँचाना होगा। अगर किसी वजह से गाडी में खराबी, पंक्चर, खाना खाने इत्यादि से गाडी को कितने समय तक रोकना पडा, का रिकार्ड रखना होगा। प्रभारी मदिरालय आवश्यकता पड़ने पर यह रिकार्ड तलब कर सकते है।

14. यद्यपि मदिरालय से डिपोज की दूरी जीपीएस आधारित हैं तथापि मदिरा परिवहन वाहनों का मार्ग (रूट) कम्पनी द्वारा बताये अनुसार/आबकारी पास में लिखे अनुसार ही होगा।

15. निविदा में वही निविदादाता भाग ले सकेगा जिसके पास न्यूनतम 3 ट्रकों जो प्रत्येक 9 टन क्षमता के स्वामित्व स्वयं अथवा फर्म के नाम से हो (रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र कर प्रतिलिपि संलग्न करें)।

16. उपलब्ध ट्रक परिवहन विभाग द्वारा **पासशुदा, इन्श्योरेंसशुदा व अच्छी हालत** में होना चाहिये एवं वाहन चालक के पास वाणिज्यिक लाईसेंस होना अनिवार्य है। कन्साईनमेन्ट में कमी या हानि होती है तो उसकी कटौती नियमानुसार आपसे की जावेगी।

17. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत की गई दरें पूरी अनुबन्ध अवधि के लिए मान्य रहेगी। अगर डीजल की दरों में अनुबन्ध अवधि के दौरान 5 प्रतिशत से अधिक वृद्वि/कमी होती है तो प्रति लीटर पांच किलोमीटर रनिंग को आधार मानते हुये गंतव्य स्थान तक की एकतरफा दूरी के आधार पर परिवहन दरों में संशोधन किया जावेगा तथा यह संशोधन वृद्वि/कमी के 75 प्रतिशत के समकक्ष होगा तथा वास्तविक लाभ आगामी माह की प्रथम तारीख से देय होगा। संशोधन के उद्देश्य हेतु बेसिक डीजल की बेसिक दर वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक को राजस्थान में प्रति लीटर डीजल विक्रय की बाजार दर होगी।

**उदाहरणार्थ–**

| क्रसं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | झोटवाड़ा से चौमूं कन्साइनमेंट भेजा | एक वाहन |
| 2 | परिवहन दर | 3000 रू. प्रति ट्रिप एकतरफा |
| 3 | दूरी | 30 किमी एकतरफा |
| 4 | डीजल की संशोधन के उद्देश्य से बेसिक दर<br>(वित्तीय निविदा के खोलने की तिथि को राजस्थान में डीजल विक्रय की बाजार दर ) | रू. 50 प्रति लिटर |
| 5 | डीजल का संशोधन के उद्देश्य से बेसिक माईलेज | 5 किमी प्रति लीटर |
| 6 | उक्त तथ्यों की स्थिति में रू. 2.5 प्रति लीटर कमी/वृद्धि पर संशोधन। अर्थात रू. 47.50 या 52.50 प्रति लीटर भाव होने पर। | कोई संशोधन नहीं |
| 7 | यदि दर रू. 50 से बढकर यदि 55 हो जावे या घटकर 45 रू. प्रति लीटर हो जावे तो–<br>30 किमी दूरी पर डीजल की खपत 6 लीटर<br>6 लीटर डीजल पर वृद्धि के कारण अतिरिक्त<br>भार 6 X 5 = 30 रू. 30<br>रू. 30 का 75 प्रतिशत यानि 30 X 75/100 रू. 22.50 | संशोधित दर<br>रू 3000 + 22.50<br>यानि 3022.50 प्रति ट्रिप एकतरफा<br>बाजार में दर में कमी होने पर<br>रू. 3000–22.50<br>यानि 2977.50 प्रति ट्रिप एकतरफा |
| 8 | वास्तविक लाभ जिस माह में कमी/वृद्धि हुई है उसके आगामी माह की पहली तारीख से देय | आगामी माह की पहली तारीख से देय |



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

18. टायर, ऑयल, पार्ट्स, परिवहन से संबंधित टैक्स आदि की दरों में वृद्वि होने पर परिवहन की दरों में कोई वृद्वि नहीं की जावेगी।
19. प्रत्येक कन्साईनमेन्ट के निर्दिष्ट मदिरा गोदाम पर पूरी मात्रा में पहुंचाने की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी। मदिरा त्रिपाल से ढक कर परिवहन करना होगा। भरी देशी मदिरा की बोतलों में अधिकतम 0.25 प्रतिशत एवं इसी अनुपात में अद्दे, पव्वें, रास्ता क्षति सामान्य मानी जावेगी। इससे अधिक क्षति की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की रहेगी। जिसकी वसूली निर्धारित मूल्य की दरों से की जावेगी।
20. यदि दुर्घटना की वजह से अधिक क्षति होती है तो दुर्घटना होते ही सफल निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि ईकाई प्रबन्धक/प्रभारी मदिरालय को शीघ्र सूचित करें। पुलिस एवं आबकारी विभाग को भी शीघ्र सूचित करना होगा एवं मौके पर ही पंचनामा, फोटो इत्यादि बनाने की आवश्यक कार्यवाही मौके पर करेंगे। समस्त कागजात बनाकर कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे तथा कम्पनी को होने वाले नुकसान की भरपाई सफल निविदादाता को करनी होगी।
21. अनुबन्ध की अवधि में कम्पनी द्वारा कार्यादेश कभी भी निरस्त किया जा सकेगा एवं अनुबन्ध अवधि को आवश्यकतानुसार घटाया/बढाया भी जा सकता है। निविदादाता द्वारा नियमित सेवायें नहीं देने, अवैध एवं विधि विरूद्ध गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर 3 दिन का नोटिस देकर अनुबन्ध निरस्त किया जा सकता है एवं शेष अवधि में कार्य अन्य स्त्रोतों से आपकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर करवाया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी तथा इसमें होने वाली हानि की वसूली सफल निविदादाता से की जायेगी।
22. किसी भी विवाद की स्थिति में जयपुर अवस्थित न्यायालय ही मान्य होगा।
23. सफल निविदादाता द्वारा परिवहन अवधि के दौरान परिवहन कार्य हेतु मना कर दिये जाने पर जमा धरोहर राशि 18 प्रतिशत जी.एस.टी.सहित अन्य जमा राशि जब्त की जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
24. सफल निविदादाता को कार्यादेश लेते समय नियमानुसार रू. 1000 के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित करना अनिवार्य होगा।
25. दर संविदा सामान्यतः एक वर्ष के लिये होगी, एवं आवश्यकता पडने पर उन्हीं नियमों व शर्तों के अध्याधीन एक वर्ष अतिरिक्त बढाकर अधिकतम 2 वर्ष तक की जा सकती है।
26. राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ1(8) वित्त/साविलेनि/2011 दिनांक 04.02.2014 के अनुसार निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न एनेक्चर ए,बी,सी,डी की शर्तो की पूर्ण पालना कर टेण्डर फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
27. निविदा प्रपत्र के साथ अंकित स्थानों की न्यूनतम दूरी के आधार पर ही दरें आमंत्रित की गई है। उसी के अनुसार दर प्रस्तावित करें। साथ ही मदिरालयों से संबंधित डिपोज के अलावा अन्य विभिन्न डिपोज पर मदिरा परिवहन के लिये प्रति किलोमीटर एकतरफा दर भी देनी अनिवार्य है।
28. सामान्य शर्त एवं विशेष शर्त में यदि किसी विषय या बिंदु पर विरोधाभास हो तो विशेष शर्त ही मान्य होगी।

**नोट– कार्य में प्रयुक्त किये जाने वाले मदिरावाहक वाहन पूर्णतया फिट होने चाहिये तथा संबंधित प्राधिकृति से सत्संबंधी प्रमाण पत्र भी होना आवश्यक होगा।**



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

# राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड

## निविदा एवं संविदा के लिये सामान्य शर्तें

**नोट–यदि सामान्य शर्तों व विशेष शर्तों में विरोधाभास हो तो विशेष शर्त का आशय ही मान्य होगा। यदि सामान्य व विशेष शर्त को आरटीपीपी एक्ट व नियम से विरोधाभास हो तो एक्ट व नियम का अर्थ ही अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।**

1. निविदाओं को निविदा सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप निविदायें ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी।
2. (1) फर्म के गठन आदि में किसी भी परिवर्तन की सूचना संस्थान को लिखित में ठेकेदार द्वारा दी जायेगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से, फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नहीं किया जाएगा।

   (2) संविदा के सम्बन्ध में फर्म में किसी भी नए भागीदार/भागीदारों को ठेकेदार द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए बाध्य नहीं हो जाते एवं संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार की रसीद या बाद में उपरोक्त रूप में स्वीकार की गयी किसी भागीदार की रसीद उन सब को बाध्य करेगी तथा वह संविदा के किसी प्रयोजन के लिए पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी ।
3. दरें गन्तव्य स्थान तकएफ0ओ0आर0 उद्धृत की जानी चाहिए तथा उनमें सभी आनुषंगिक प्रभारों को शामिल करना चाहिए किन्तु, चुंगी, केन्द्रीय/राजस्थान बिक्री कर/जी.एस.टी. को शामिल न करके इन्हें अलग से दिखाया जाना चाहिए। स्थानीय प्रदायों के मामलों में दरों में समस्त करों आदि को शामिल करना चाहिए तथा किसी गाड़ी भाड़े (कॉर्टेज) या परिवहन प्रभारों को सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया जाएगा तथा मदिरा की सुपुर्दगी संस्थान के परिसरों पर दी जाएगी। खरीदे जाने वाले मदिरा कार्यालयों के उपयोग के लिए होते हैं, इसलिए इन पर चुंगी का भुगतान नहीं किया जाता है। अतः इन दरों में चुंगी एंव स्थानीय करों आदि को शामिल नहीं करना चाहिए। यदि खरीदे जाने वाले मदिरा पुनः बिक्री करने के लिए या बिक्री हेतु किसी मदिरा के विनिर्माण के रूप में उपयोग में लेने के लिए हैं, तो इन दरों में चुंगी एवं स्थानीय करों को शामिल किया जाएगा। पूर्व उपयोग की दशा में विहित प्ररूप में एक प्रमाण पत्र प्रदाय आदेश के साथ भेजा जाएगा।

4- जी.एस.टी पंजीयन आवश्यक होगा।

5. विधिमान्यता :– निविदायें, उनके खोले जाने की तारीख से 90 दिवस की अवधि के लिए विधिमान्य होंगी।
6. अनुमोदित प्रदायकर्ता के लिए यह समझा जाएगा कि उसने प्रदाय किये जाने वाले मदिरा की शर्तो, विनिर्देशों, आकार, मेक एवं रेखाचित्रों आदि की सावधानीपूर्वक जांच कर ली है। यदि उसे इन शर्तो, विनिर्देशों, रेखाचित्रों आदि के किसी भाग के आशय के बारे में कोई सन्देह हो, तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, उसे संस्थान को भेजेगा तथा उससे स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।
7. ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी को नहीं सौंपेगा या उप–भाड़े (सब लैट) पर नहीं देगा।
8. निविदादाता या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्य़क्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता होगी ।
9. बयाना राशि (अर्नेस्ट मनी) :– (क) निविदा के साथ एनेक्सर ''एफ'' अनुसार बयाना राशि प्रस्तुत की जाएगी। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। यह राशि आरएसजीएसएम के पक्ष में निम्नलिखित में से किसी रूप में भी जमा करायी जानी चाहिए :–

   (1) शिड्यूल बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक।

   (क) बयाना राशि का प्रतिदाय :– असफल निविदादाता की बयाना राशि निविदा को अन्तिम रूप से स्वीकार करने के बाद 60 दिवस में लौटायी जाएगी।



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

10. बयाना राशि का समपहरण :– बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहृत कर लिया जाएगा :–
(1) जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु, निविदा को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।
(2) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को, यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता है।
(3) जब निविदादाता प्रदायगी के लिए आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।
(4) जब वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय प्रारम्भ करने में असफल रहता है।

11. (1) करार एंव प्रतिभूति निक्षेप :– (1) सफल निविदादाता को आदेश के प्राप्त होने से 15 दिन की अवधि के भीतर प्ररूप 17 में एक करार पत्र निष्पादित करना होगा तथा जिन सेवाओं/सामानों (स्टोर्स) के लिए निविदाएं स्वीकार की गयी हैं, उनके मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति जमा करानी होगी। यह प्रतिभूति प्रेषण के उस दिनांक से जिसको निविदा के स्वीकार किए जाने की सूचना उसे दी गयी है, अनुबंध के समय पर जमा करायी जाएगी ।
(2) निविदा के समय जमा करायी गयी बयाना राशि को प्रतिभूति की राशि के लिए समायोजित किया जाएगा। प्रतिभूति की राशि किसी भी दशा में बयाना राशि से कम की नहीं होगी ।
(3) प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।
(4) प्रतिभूति राशि के रूप निम्न प्रकार होंगे :–
(क) बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक।
(5) (1) केन्द्र सरकार एंव राजस्थान सरकार के उपक्रम प्रतिभूति राशि जमा कराने से मुक्त होंगे।
(2) प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण :– प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत किया जा सकेगा :–
(क) जब संविदा के किन्ही निबन्धनों और शर्तो का उल्लघंन किया गया हो।
(ख) जब निविदादाता सम्पूर्ण प्रदाय सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहा है।
(ग) प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में संस्थान का निर्णय अन्तिम होगा।
(घ) प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण होने की स्थिति में उस पर 18 प्रतिशत की दर से जी.एस.टी. वसूल किया जायेगा।
(4) करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने के व्यय का भुगतान निविदादाता द्वारा किया जाएगा तथा विभाग को उस करार की एक निष्पादित स्टाम्प शुदा प्रतिपड़त निःशुल्क दी जाएगी।

12. बीमा :– (1) सामान गन्तव्य गोदाम पर सही दर्शा में सुपुर्द किए जाएंगे। यदि प्रदायकर्ता चाहे तो वह मूल्यवान सामान को चोरी, नाशन या नुकसान द्वारा या आग, बाढ़, मौसम में पड़ा रहने के कारण या अन्यथा (जैसे– युद्ध, विद्रोह, दंगे आदि) द्वारा हानि से बचाने के लिए बीमा करा सकेगा। यह बीमा प्रभार निविदादाता द्वारा वहन किया जाएगा तथा यदि ऐसे व्यय किए जाते हैं तो राज्य से इन प्रभारों का भुगतान करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।
(2) यदि क्रेता द्वारा चाहा गया हो तो क्रेता की लागत पर भी इन वस्तुओं का बीमा कराया जा सकेगा। ऐसे मामलों में बीमा सदैव भारतीय जीवन बीमा निगम या उसकी सहायक शाखाओं से कराया जाना चाहिए।

13. भुगतान :– (1) दुर्लभ एवं विशिष्ट मामलों के सिवाय अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि अग्रिम भुगतान किया जा रहा हो तो वह मदिरा प्रेषित करने के सबूत पर तथा रेल/प्रतिष्ठित गुड्स ट्रांसपोर्ट कम्पनियों आदि द्वारा वित्तीय शक्तियों में विहित की गयी सीमा तक तथा पूर्व निरीक्षण, यदि कोई हो, किए जाने पर किया जाएगा। अतिशेष राशि, यदि कोई हो, का भुगतान मदिरा अच्छी हालत में प्राप्त होने पर तथा निरीक्षण के समय पृष्ठांकित और निविदादाता को नहीं दिए गए उस आशय के प्रमाण पत्र पर दिए जाने पर दिया जाएगा।
(2) जब तक पक्षकारों के मध्य अन्यथा सहमति न हो जाए, सामान की सुपुर्दगी के लिए भुगतान निविदादाता द्वारा संस्थान को उचित प्ररूप में सामान्य वित्तीय एंव लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जाएगा तथा सभी प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा वहन किए जाएंगे।



**निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर**

(3) विवादास्पद मदों के सम्बन्ध में, राशि का 10 से 25 प्रतिशत तक को रोका जाएगा तथा उस विवाद का निपटारा हो जाने पर उसका भुगतान कर दिया जाएगा।

(4)उन मामलों के सम्बन्ध में, जिनमें परीक्षण करने की जरूरत है, भुगतान तभी किया जाएगा जब उनका परीक्षण कर लिया जाए तथा प्राप्त हुए परीक्षण परिणाम विहित विनिर्देशों के अनुरूप हों।

